प्रत्यय अमृत
अपर मुख्य सचिव

सत्यमेव जयते

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
पटना- 800015
Tel.: 0612-2215809,2215801
Email: health-bih@nic.in

पत्रांक: SHSB/PM/537/2019/....1665........

सेवा में,
जिला पदाधिकारी
जहानाबाद

पटना,दिनांक....03/07/2021

विषय: कोविड 19 के चिकित्सकीय प्रबंधन हेतु जिलान्तर्गत सरकारी अस्पतालों को आपूर्ति की गयी उपकरण/उपस्कर के सदुपयोग के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कोविड 19 संक्रमण के प्रथम चरण से ही इसके समुचित चिकित्सीय प्रबंधन हेतु बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना द्वारा विभिन्न प्रकार के आवश्यक उपकरणों/उपस्करों की आपूर्ति जिलों को की जा रही है।

2. जिलों के सरकारी अस्पतालों में कोविड–19 से संबंधित उपकरणों की विवरणी को EMMS (Equipment Management and Maintenance System ई–उपकरण) पर अद्यतन किया गया है। प्रतिवेदनानुसार आपके जिला में कोविड–19 से संबंधित आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता निम्नवत् है:–

Sl.No.	Equipment	Quantity
1	Oxygen Concentrator	56
2	B -Type Oxygen Cylinder	233
3	D -Type Oxygen Cylinder	10
4	BIPAP Machine	5
5	X-Ray Machine	2
6	Portable X-Ray Machine	2

Sl.No.	Equipment	Quantity
7	Ventilator	5
8	Pulse Oximeter(Finger Tip)	135
9	Infra-red Thermometre	32
10	Oxygen Flowmeter with Humidifier	160
11	Nebulizer	280
12	TruNat Machine	7

3. उपरोक्त विवरणी के आलोक में यह अति आवश्यक है कि उपरोक्त सामग्रियों का पुनर्आवंटन जिला अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में किया जाए। इसके लिए जिलान्तर्गत अस्पतालों के उपकरणों के आवंटन हेतु निम्न व्यवस्था का निर्धारण किया जाता है:–

क्र०	उपकरण का नाम	अस्पताल के निर्धारित न्यूनतम मानक				
		सदर अस्पताल DH	अनुमंडलीय अस्पताल SDH	सा० स्वा० केन्द्र CHC	प्रा०स्वा०केन्द्र PHC	L1-APHC/HSC
1	Oxygen Concentrator *	40	25	10	5	2
2	B-Type Oxygen Cylinder	–	–	20	10	2
3	D-Type Oxygen Cylinder	60	35	–	–	–
4	BIPAP Machine	10	5	–	–	–

* Oxygen Concentrator 10 Litre को जिला अस्पताल में आवंटित किया जाए एवं Oxygen Concentrator 8 Litre and 5 Litre को जिला अस्पताल के नीचे के स्तर के अस्पतालों में रखा जाए।

4. उपर्युक्त तालिका में उपकरणों के लिए अस्पताल के स्तर के अनुरूप दर्शायी गयी मानक सं[illegible] के आलोक में स्वयं की निगरानी में जिलान्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों के लिए पुर्नआवंटन करते हुए उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए।

5. Pulse Oxymeter (Finger Clamp) को सभी स्तर के अस्पतालों (HSC को छोड़कर) के बाह्य रोगी कक्ष में आवश्यकतानुरूप रखा जाए। गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता द्वारा Pulse Oxymeter से ऑक्सीजन की परिपूर्णता (Oxygen saturation of a patient's blood) आदि मापने का कार्य किया जाएगा। Pulse Oxymeter का उपयोग नहीं रहने की स्थिति में Pulse Oxymeter (बैटरी रहित) को अस्पताल के भंडार में संरक्षित रखने का दायित्व संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को दिया जाए।

6. Infra-red Thermometer की उपलब्धता सभी जिलों में है। इन Infra-red Thermometer का उपयोग कोविड संक्रमण के दौरान बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, कोविड अस्पताल आदि में किया जाना है। साथ ही, जिलान्तर्गत संक्रमित क्षेत्रों में इसका समुचित सदुपयोग आशा कार्यकर्ता से सुनिश्चित कराया जाए।

7. जिलान्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में उक्त उपकरणों को क्रियाशील रखने हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को उत्तरदायी बनाया जाए। जिला स्तर पर इसके समुचित अनुश्रवण हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का दायित्व होगा किन्तु इस कार्य हेतु जिला में पदस्थापित वरीय उप समाहर्त्ता एवं संबंधित अनुमंडल दंडाधिकारी के साथ जिलान्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों को संबद्ध किया जाए।

8. भारत सरकार द्वारा कोविड से संबंधित उपकरणों/उपस्करों आदि की आपूर्ति/आवंटन प्राप्त होने पर जिलावार आवश्यकता आधारित आपूर्ति की जाती रहेगी। जिलों को आपूर्ति किए जाने वाले उपकरणों/उपस्करों की प्रविष्टि (आपूर्ति एवं वितरण) EMMS पर अनिवार्य रूप से कराया जाए।

9. अतः उपरोक्त निदेशों का अनुपालन दृढ़तापूर्वक सुनिश्चित कराया जाए।

अनुलग्नक– सिविल सर्जन, जहानाबाद
द्वारा प्रतिवेदित उपकरणों की सूची।

विश्वासभाजन

(प्रत्यय अमृत)

ज्ञापांक: 1665

पटना, दिनांक: 03/07/2021

प्रतिलिपि:

- प्रमण्डलीय आयुक्त, मगध प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
- प्रबंध निदेशक, BMSICL पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
- सिविल सर्जन, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

Jehanabad

छोटा परिवार खुशियों का आधार

District Health Society, Jehanabad

जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद

सदर प्रखंड परिसर, जहानाबाद 804408

Sadar Block Campus, Jehanabad - 804408

बिहार सरकार

Phone No. – 06114-225411, Fax No. – 06114-225411

Website: - www.dhsjehanabad.bih.nic.in, E-mail-dhsjehanabad@yahoo.com

पत्रांक 642

प्रेषक,

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद।

सेवा में,

कार्यपालक निदेशक,
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना।

जहानाबाद, दिनांक 17/06/2021

विषय :– कोविड–19 के चिकित्सीय प्रबंधन में प्रयुक्त उपकरणों/उपस्करों की उपलब्धता के संबंध में।

प्रसंग :– राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के पत्रांक 1197, दिनांक 14.06.2021

महाशय,

उपरोक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में कोविड–19 के चिकित्सीय प्रबंधन में प्रयुक्त उपकरणों/उपस्करों की उपलब्धता से संबधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराए गए विहित प्रपत्र में तैयार कर इस पत्र के साथ संलग्न कर उपलब्ध कराई जा रही है।

अनुलग्नक :– यथोपरि।

विश्वासभाजन

17/6/21

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद।

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद।

ज्ञापांक 642 / जहानाबाद, दिनांक 17/06/2021

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद को सादर सूचनार्थ समर्पित।

17/6/21

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद।

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद।

Information regarding receipt of equipments since 01.01.2020

Name of the District: Jehanabad

Oxygen Concentrator			B-Type Oxygen Cylinder			D-Type Oxygen Cylinder			BIPAP Machine			X-ray machine		
Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)
51	0	5	150	83	0	0	0	10	5	0	0	0	0	0

Portable X-ray Machine			Ventilator			Defibrillators			Cardiac Machine			Multipara Monitor		
Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)
0	0	1	5	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

Pulse Oximeter (Finger Tip)			Pulse Oximeter			Infra-red Thermometre			Portable Ventilator			Oxygen Flowmeter with Humidifier		
Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)
125	10	0	0	0	0	32	0	0	0	0	0	52	108	0

Nebulizer			CPAP Machine			Wheel Chair			TrueNat Machine			RT-PCR Machine		
Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)	Supplied by BMSICL	Local Purchase by District	Received as donation (CSR,MPLAD, Aid etc.)
0	280	0	0	0	0	0	0	0	7	0	0	0	0	0

6.21 — Signature of I/C District Central Store

17/6/21 — Signature of DPM

17.6.21 — Signature of Civil Surgeon

17/6/21

T - 924